Regarding need to re-open Forest Rangers College, Balaghat, Madhya Pradesh-Laid

श्रीमती भारती पारधी **(**बालाघाट**) :** बालाघाट, मध्य प्रदेश में स्थित फॉरेस्ट रेंजर्स कॉलेज की स्थापना 1907 में वन अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से की गई थी, आज निष्क्रिय अवस्था में है । यह कॉलेज हमारे देश के वन विभाग के लिए प्रशिक्षित और कुशल कर्मियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है । यह कॉलेज 1 अप्रैल 1990 से मध्य प्रदेश राज्य वन विभाग के प्रशासनिक और वित्तीय नियंत्रण में है । लेकिन वर्तमान में इसकी गतिविधियां बंद पड़ी हैं । यह एक अत्यंत चिंता का विषय है क्योंकि वानिकी क्षेत्र में हमारे सामने कई चुनौतियां हैं, जैसे पर्यावरण संरक्षण, वनों की सुरक्षा और वन्यजीव प्रबंधन । ऐसे में इस कॉलेज को सक्रिय करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए । मैं सरकार से आग्रह करती हूं कि बालाघाट फॉरेस्ट रेंजर्स कॉलेज को तुरंत पुनः संचालित किया जाए । इसके लिए आवश्यक संसाधन, स्टाफ की नियुक्ति और आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए । इससे न केवल वानिकी शिक्षा को बल मिलेगा, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे ।